दिनांक 04:12 2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ भिलाई सुंदर भिलाई

भिलाईनगर/ स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 के तहत स्वच्छता एप डाउनलोड करवाने का कार्य नगर निगम भिलाई द्वारा किया जा रहा है ताकि सभी के मोबाइल में स्वच्छता एप डाउनलोड हो जाए व इस एप के माध्यम से कंप्लेंट कर गंदगी को दूर किया जा सके, 'इसी कड़ी में नेहरू नगर वार्ड 3 स्थित मंगल भवन के सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स आफ इंडिया भिलाई के समस्त स्टाफ को स्वच्छता एप के बारे में बताते हुए स्वच्छता एप डाउनलोड कराया गया!

आयुक्त एसके सुंदरानी ने मौजूद सभी के मोबाइल में स्वच्छता ऐप डाउनलोड करने की अपील के साथ ही इसकी प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की, किस प्रकार कचरे का निपटारा किया जा सकता ! संस्था के संयुक्त संचालक डी. एन. बेहरा ने बताया कि हमारे संस्था में कोई भी सफाई हेतु नियुक्त नहीं किया गया है हम स्वयं अपने टेबल को अपने सामानों को अपने स्थलों को स्वच्छ रखने का कार्य करते हैं और यह कार्य प्रतिदिन किया जाता है तथा इसके लिए ताकि मॉनिटरिंग की जा सके नोडल भी नियुक्त किया जाएगा!

आयुक्त महोदय ने इस पर कहा कि इसी तरह सभी यदि शहर को स्वच्छ रखने में साथ देंगे तो निश्चित रूप से स्वच्छता के प्रति हम एक बड़े कदम की ओर बढ़ेंगे!